भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 365**
28/11/2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

**महाराष्ट्र में डॉप्लर रडार**

365. डा. अजित माधवराव गोपछड़े :

क्या **पृथ्वी विज्ञान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने किसानों को मौसम की सटीक जानकारी देने वाले डॉप्लर रडार लगाने के लिए कदम उठाए हैं, ताकि बेमौसम या असामयिक बारिश के प्रभाव को कम किया जा सके और नुकसान को रोका जा सके;
(ख) महाराष्ट्र और गुजरात में कितने डॉप्लर रडार स्थापित किए गए हैं, स्थान-वार ब्यौरे सहित इसकी स्थापना की समय-सीमा क्या है; और
(ग) आज की तारीख तक महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में एक्स-बैंड डॉप्लर रडार स्थापित करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**
**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**
**(डॉ. जितेंद्र सिंह)**

(क) जी हाँ। वर्तमान में, वर्षा और गर्ज के साथ तूफानों की निगरानी के लिए देश भर में विभिन्न स्थानों पर 39 डॉप्लर मौसम रेडार (DWR) स्थापित किए गए हैं। DWR की जानकारी का उपयोग मौसम की घटनाओं के प्रचालनात्मक पूर्वानुमान के लिए 2 घंटे तक के लीड टाइम के साथ किया जाता है। तात्कालिक चेतावनी किसानों सहित आम जनता को सभी सुरक्षा उपाय करने में मदद करती है।

(ख) महाराष्ट्र में कुल 4 DWR (मुंबई, एस-बैंड, 25.08.2015 को आरंभ; नागपुर, एस-बैंड, 28.02.2011 को आरंभ; सोलापुर, सी-बैंड; वेरावली, सी-बैंड, 31.12.2021 को आरंभ) स्थापित हैं । एक DWR गुजरात (भुज, एस-बैंड, 17.08.2016 को आरंभ)में स्थापित है ।

(ग) वर्तमान में, मराठवाड़ा क्षेत्र में एक्स बैंड डीडब्ल्यूआर स्थापित करने की कोई योजना नहीं है। इसके बजाय, महेस्मल हिल्स, औरंगाबाद में एक सी बैंड डीडब्ल्यूआर, जो एक्स बैंड डीडब्ल्यूआर की तुलना में कवरेज रेंज में बेहतर है, स्थापित करने का प्रस्ताव है और भूमि अधिग्रहण के लिए वन विभाग से मंजूरी मांगी जा रही है।

**********